प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने कहा– एच.पी.एम.आई.एस. पोर्टल से सेब खरीद में आई पारदर्शिता– अब तक 8 हज़ार मीट्रिक टन से अधिक सेब की खरीद।
- केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में 17 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को मिला स्वच्छ पेयजल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री के नशामुक्त भारत के संकल्प को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग का किया आह्वान।
- स्वदेशी ड्रोन तकनीक विकसित करने के लिए राजकीय पॉलिटैक्निक कॉलेज हमीरपुर के छात्र सर्वेश शर्मा को रक्षा मंत्रालय ने प्रदान किए साढ़े 3 करोड़।
- प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों ने अगस्त माह का वेतन अभी तक न मिलने के विरोध में सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा।

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार द्वारा मण्डी मध्यस्थता योजना के तहत अब तक 8 हज़ार मीट्रिक टन से अधिक सेब की खरीद की गई है और 17 हज़ार से अधिक बागवान एच.पी.एम.आई.एस. पोर्टल पर पंजीकरण करवा चुके हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि एच.पी.एम.आई.एस. पोर्टल से सेब की खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने बागवानों के हितों की रक्षा और राज्य की बागवानी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने को विशेष प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि एम.आई. एस. के माध्यम से खरीदे गए सेब के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन में भी मदद मिलेगी। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस वर्ष एक अगस्त से 2 सौ 13 सेब संग्रहण केन्द्रों पर खरीद प्रक्रिया जारी है और ये केन्द्र एच.पी.एम.सी. व हिमफैड द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। सेब खरीद प्रक्रिया 31 अक्तूबर तक जारी रहेगी।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन–सेवा के माध्यम से देश–सेवा के मंत्र और समर्पण के साथ सार्वजनिक सेवा में 25 साल पूरे कर रहे हैं। सेवा और सुशासन के इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तिकरण के ज़रिए यह समर्पण लोगों की ज़िंदगी बदल रहा है। इस अवसर पर हम विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज हम बात करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2019 में शुरू किए गए जल जीवन मिशन के बारे में। इस योजना का हिमाचल प्रदेश में भी लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.............

*केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 में देश के दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों तक नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के उदेश्य से शुरू किए गए जल जीवन मिशन का हिमाचल प्रदेश में लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बाबजूद हिमाचल देश का एक ऐसा पहाड़ी राज्य बन गया है जहां आज लगभग हर घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में अब तक लगभग 17 लाख 9 हज़ार ग्रामीण परिवारों को नल से पीने का साफ़ पानी उपलब्ध करवाया जा चुका है और जल जीवन मिशन के प्राबधानों के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। शिमला ज़िला के बढ़ई गाँव की निवासी ममता ने बताया कि जल जीवन मिशन से उनके गाँव में हर घर तक नल से जल की सुविधा मिल रही है जिससे विशेष तौर पर महिलाओं को बड़ी राहत मिली है।*

*मेरा नाम ममता है। मैं शिमला की रहने वाली हूँ। हमारी ग्राम पंचायत बढेई। हमारे गांव में पहले पानी की बहुत परेशानी होती थी। जब से जल जीवन मिशन के तहत हमारे गाँव में घर घर नल लगे, उसके बाद हमारी जितनी भी महिला और बहनें हैं उनके लिए बहुत सुविधा हुई है क्यूंकी बहुत दूर से हमें पानी लाना पड़ता था। अब जब नलके लगे हैं तो हमें बहुत राहत मिली है और हमें शुद्ध पानी भी आता है। मैं नरेंद्र मोदी जी का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं जिन्होंने हमें घर घर नल दिया। वहीं आकांक्षी ज़िला चम्बा के रहने वाले अजय शर्मा ने भी जल जीवन मिशन के तहत दुर्गम क्षेत्रों तक नल से जल पहुँचाने के लिए प्रधान मंत्री का आभार जताया है।*

*नमस्कार मेरा नाम अजय शर्मा है। मैं हिमाचल प्रदेश जिला चंबा का रहने वाला हूँ। जल जीवन मिशन भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण योजना है। मैंने भी इस योजना का बहुत लाभ उठाया है और जो मेरे गांववासी हैं उन्होंने भी हर घर में जो है, वो नल लगा है और एक बहुत अच्छी बात है जो वर्षा जल संग्रहण है, हमने भी इस प्रकार का टैंक बनाया होता है,जब भी बारिश होती है, ओ जो उसका पानी होता है उस टैंक के माध्यम से स्टोर हो जाता है और जब भी हमें कोई भी जरूरत पड़ती है तो हम उस पानी का यूज कर लेते हैं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने जल जीवन मिशन यह योजना चलाई है। भारत सरकार ने हिमाचल प्रदेश की कार्यक्षमता मूल्यांकन और पेयजल गुणवत्ता में बेहतर प्रदर्शन को लगातार प्रोत्साहित किया है और जल शक्ति मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2026–27 के तहत जल जीवन मिशन 2.0 के लिए प्रदेश को 2 सौ 58 करोड़ सात लाख रूपए की राशि का अस्थायी आवंटन किया है। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला*

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इटली के मिलान शहर के अध्ययन प्रवास के दौरान कई महत्वपूर्ण स्थलों, शिक्षण संस्थानों और औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा कर देश व प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में इसका तुलनात्मक अध्ययन किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय समुदाय और स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की। कुलदीप सिंह पठानिया ने भारतीय मूल के लोगों से भारत में निवेश करने का आह्वान किया ताकि देश की आर्थिकी मज़बूत हो सके और लोगों को रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध हों।

दुर्घटना

शिमला–मण्डी राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर घंडल के समीप आज एच.आर.टी.सी. की इलेक्ट्रिक बस और कार की टक्कर में कार में सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोलन ज़िले की अर्की तहसील के फांजी गांव के दयानन्द उनकी पत्नी हेमलता और माता विद्या देवी के रूप में हुई है जबकि उनका बेटा गम्भीर रूप से घायल है। घायल को उपचार के लिए आई.जी.एम.सी. शिमला में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार बस में सवार किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई है और पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2029 तक नशामुक्त भारत का संकल्प लिया है जिसे पूरा करने के लिए प्रत्येक देशवासी को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पंजाब के आनन्दपुर साहिब और गढ़शंकर में आयोजित नशा विरोधी यात्राओं में शामिल होने के अवसर पर आज उन्होंने ये बात कही। जयराम ठाकुर ने कहा कि नशे के खिलाफ अब निर्णायक लड़ाई की तैयारी है और इसे जन आंदोलन का रूप देकर ही सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री के नशामुक्त भारत के संकल्प से जुड़कर नशे के खिलाफ लड़ाई में सहयोग का आह्वान किया। इस बीच, जयराम ठाकुर ने सोलहवें वित्त आयोग के तहत हिमाचल प्रदेश की पंचायती राज संस्थाओं के लिए 3 हज़ार 7 सौ 44 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पंचायती राज मंत्रालय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने पंचायतों को

सशक्त बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग प्रदान किया है।

बधाई

रक्षा मंत्रालय ने हमीरपुर के राजकीय पॉलिटैक्निक कॉलेज बड़ू के छात्र सर्वेश शर्मा को भारतीय सेना के लिए स्वदेशी रूद्रा एज. टी. वन स्पेक्ट्रा ड्रोन विकसित करने के लिए साढ़े 3 करोड़ रूपए की अनुदान राशि प्रदान की है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने सर्वेश शर्मा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा है कि उनका ये नवाचार प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा व तकनीकी क्षमता को प्रदर्शित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वेश शर्मा द्वारा तैयार ड्रोन सीमा पर निगरानी में मददगार साबित होगा। धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार युवा नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहन प्रदान कर रही है और युवा अब अपने सपनों को आत्मविश्वास के साथ साकार कर रहे हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवा सर्वेश शर्मा की इस उपलब्धि से प्रेरणा लेकर नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

मांग

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों को अगस्त माह का वेतन सितम्बर की 24 तारीख तक भी न मिलने के विरोध में कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मदन राणा ने बताया कि निगम के एक हज़ार नियमित, 70 डेली वेज और 5 सौ आउटसोर्स कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं मिला है। उन्होंने इसके लिए निगम प्रबंधन व पर्यटन निगम के अध्यक्ष को ज़िम्मेदार ठहराया है और कर्मचारियों का वेतन जल्द जारी करने की मांग की है।

सुनील शर्मा बिट्टू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने किसानों, बागवानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए अनेक सराहनीय योजनाएं आरंभ की हैं। हमीरपुर में आज कृषि यंत्रिकरण योजना के तहत सब्सिडी वितरण कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ज़िले के एक सौ 82 किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद पर करीब 26 लाख रूपए की सब्सिडी राशि जारी की गई है। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर के लिए मैडिकल कॉलेज, अलाईड हैल्थ सर्विसिज कॉलेज और अत्याधुनिक मशीनें व रोबोटिक सर्जरी सहित कई बड़ी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं की सुनवाई के लिए वे मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं और उनकी ज़रूरतों व मांगों के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत भी करवा रहे हैं। इस दौरान सुनील शर्मा बिट्टू ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में सब्सिडी की राशि भी हस्तांतरित की।

कम्प्यूटर वैन

सिरमौर ज़िला के दूरदराज इलाकों में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों को अब डिजिटल एजुकेशन और कम्प्यूटर तकनीक की जानकारी मोबाइल कम्प्यूटर वैन के ज़रिए मिलेगी। विधायक अजय सोलंकी ने नाहन में मोबाइल कम्प्यूटर वैन को हरी झण्डी दिखाने के अवसर पर कहा कि इसके माध्यम से पहली से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों को कम्प्यूटर एजुकेशन सहित ए.आई. के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में क्षेत्र के दूरदराज़ व ग्रामीण इलाकों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में ये पहल की गई है।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री ने कहा– एच.पी.एम.आई.एस. पोर्टल से सेब खरीद में आई पारदर्शिता– अब तक 8 हज़ार मीट्रिक टन से अधिक सेब की खरीद।
- केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में 17 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को मिला स्वच्छ पेयजल।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री के नशामुक्त भारत के संकल्प को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग का किया आह्वान।
- स्वदेशी ड्रोन तकनीक विकसित करने के लिए राजकीय पॉलिटैक्निक कॉलेज हमीरपुर के छात्र सर्वेश शर्मा को रक्षा मंत्रालय ने प्रदान किए साढ़े 3 करोड़।
- प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों ने अगस्त माह का वेतन अभी तक न मिलने के विरोध में सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा।